कार्यालय जनपद न्यायाधीश, देवरिया

स्वच्छकार भर्ती विज्ञप्ति संख्या–01, दिनाँकित– 01–12–2022

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या– 7603/VIIb-104/Admin.'D' Section/ Allahabad; Dated 15 Jun 2022. द्वारा शासनादेश संख्या–1963/VII-Nyaya-2-2000-41G/97, Dated 19-10-2000 सपठित शासनादेश संख्या–15/2016/1111-VII-Nyaya-2-2016-41G/97, Dated 10-08-2016 के अन्तर्गत इस अधिष्ठान में अंशकालिक स्वच्छकार रू0 6000/– प्रतिमाह नियत पारिश्रमिक पर संविदा के आधार पर नियुक्त किए जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी है।

अतएवं जो व्यक्ति कक्षा 06 उत्तीर्ण है, और स्वच्छकार के पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक है, वे अपना अपना आवेदन पत्र दिनाँक–15–12–2022 साँय 4–00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में व्यक्गित रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से अवश्य जमा/भेज देवे ।

आवेदन पत्र की शर्ते निम्नवत हैः–

01– आवेदक की उम्र दिनाँक–01–07–2022 को 18 वर्ष से कम और 40 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए तथा कक्षा–6 उत्तीर्ण हो ।

02– नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

03– लिखित अथवा मौखिक परीक्षा हेतु उपस्थित होने पर उन्हें कोई भी यात्रा भत्ता व खुराक भत्ता देय नही होगा ।

04– आवेदक यदि स्वच्छकार के रूप मे किसी भी विभाग/कार्यालय मे कार्य कर चुका है, तो उसे वरीयता दी जाएगी, इसके समर्थन में प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

05– आवेदक, आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक, आवासीय, अनुभव एवं जाति प्रमाण पत्र जो स्वयँ द्वारा अभिप्रमाणित अथवा किसी राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित हो, अवश्य संलग्न करें ।

06– आवेदक इस आशय का शपथ–पत्र अवश्य प्रस्तुत करें कि उनके विरूद्ध कोई भी दाण्डिक वाद किसी न्यायालय में लम्बित नही है और न ही उन्हें किसी भी न्यायालय द्वारा कभी दण्डित किया गया है।

07– स्वच्छकार की पूर्णकालिक नियुक्ति किसी भी दशा में नही की जाएगी, बल्कि संविदा के अधार पर उससे कार्य लिया जाएगा ।

08– आवेदन पत्र का प्रारूप निम्नवत हैः–

1– आवेदक का नामः–
2– पिता का नामः–
3– पूर्ण पता मोबाईल नम्बर सहितः–
4– शैक्षिक योग्यता का विवरणः–
5– श्रेणी जैसे (सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) का उल्लेख अवश्य करें तथा इसके समर्थन में प्रमाण पत्र भी संलग्न करें ।
5– अन्य/विशेष

दिनाँक–01–12–2022

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर,
दिनाँक सहित

(विवेक कुमार सिंह)
सिविल जज(सी0डि0) कक्ष सं0–18,/
सदस्य, भर्ती/परीक्षा समिति,
जनपद न्यायालय,देवरिया

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–जिला सूचना अधिकारी, देवरिया को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसे दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें ।
2–नोडल आफिसर कम्प्यूटर, जनपद न्यायालय, देवरिया को इस आशय के साथ प्रेषित कि इसे माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय, देवरिया की वेबसाईट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
3–सूचना पट्ट, कार्यालय जिलाधिकारी, देवरिया ।
4–सूचना पट्ट, कार्यालय पुलिस अधीक्षक, देवरिया ।
5–सूचना पट्टा, कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, देवरिया ।
6–सूचना पट्ट, कार्यालय विकास भवन,देवरिया ।
7–सूचना पट्ट,कार्यालय तहसीलदार, सदर, देवरिया ।
8–सूचना पट्ट, कार्यालय नगरपालिका परिषद, देवरिया ।
9–सूचना पट्ट, कार्यालय केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, देवरिया ।

VKSingh
01.12.22

(विवेक कुमार सिंह)
सिविल जज(सी0डि0) कक्ष सं0–18,/
सदस्य, भर्ती/परीक्षा समिति,
जनपद न्यायालय,देवरिया